विशेषज्ञता की पूर्ति के रूप में स्थापित किए गए हैं। म्यांमार प्राधिकारियों ने बताया है कि वे किसी बाहरी देश के कार्मिकों को अपने यहां ठहरने या अपने क्षेत्र में स्थापित सुविधाएं संचालित करने की अनुमति नहीं देते हैं।

हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा पर प्रभाव डालने वाली सभी गतिविधियों का नियमित रूप से मूल्यांकन किया जाता है और उन पर नजर रखी जाती है। समुचित रक्षा तैयारी सुनिश्चित करने के लिए जरूरत के अनुसार आवश्यक कदम उठाए जाते हैं।

हाल के वर्षों में, भारत-चीन संबंधों में संतुलित सुधार हुआ है। दोनों देश रचनात्मक और सहयोगी संबंध बनाने के लिए सहमत हैं। भारत सरकार इस प्रक्रिया और अपने सबसे बड़े पड़ोसी चीन के साथ मित्रता, सहयोगी, अच्छे पड़ोसी, आपसी हितकारी संबंध बढ़ाने के लिए वचनबद्ध है।

सैन्य बलों के लिए निधियों का आबंटन

18. **श्री गोपाल सिंह जी० सोलंकी:** क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 1993-94, 1994-95, 1995-96 और 1996-97 के आम बजट में भारतीय सेना के तीनों स्कन्धों के लिए विभिन्न परियोजनाओं हेतु वर्ष-वार कुल कितना आबंटन किया गया;

(ख) उपरोक्त वर्षों के दौरान वर्ष-वार वास्तव में, कुल कितनी धनराशि व्यय की गई;

(ग) क्या पेट्रोलियम उत्पादों की मूल्य वृद्धि तथा मुद्रास्फीति बढ़ने से वास्तविक व्यय पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है; और

(घ) यदि हां, तो किस सीमा तक?

रक्षा मंत्री (श्री जॉर्ज फर्नान्डीज): (क) और (ख) तीनों सेनाओं को वर्ष 1993-94 से 1996-97 तक विभिन्न परियोजनाओं/योजनाओं के लिए आबंटित की गई धनराशि और उसमें से खर्च की गई राशि की स्थिति इस प्रकार है:—

(करोड़ रुपये में)

वर्ष	आबंटन	वास्तविक व्यय
1993-94	5776.59	5757.45
1994-95	5912.25	5842.69
1995-96	6889.69	6902.86
1996-97	7110.82	7166.11

(ग) और (घ) मुद्रास्फीति और पैट्रोलियम उत्पादों की कीमतों में वृद्धि होने से रक्षा व्यय प्रभावित होता है। रक्षा के लिए आबंटित राशि उपयुक्त रूप से बढ़ाई जाती है ताकि सशस्त्र सेनाओं के अनिवार्य रख रखाव और आधुनिकीकरण संबंधी जरूरतों पर इन पहलुओं का प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।

LCA Project

19. SHRI S.M. KRISHNA: Will the Minister of DEFENCE be pleased to state:

(a) what is the present position of the project for building the light combat aircraft (LCA);

(b) by when it is likely to be taken to the skies; and

(c) what are the hindrances for its early first flight?

THE MINISTER OF DEFENCE (SHRI GEORGE FERNANDES): (a) The indigenously developed first Light Combat Aircraft (LCA) is undergoing engine ground run and other safety of flight tests for undertaking its maiden flight. The second LCA is in final stage of assembly. The work on third & fourth aircraft has also commenced.

(b) Major milestones which are required to be completed prior to the flight test with the estimated times are given as under:—

Completion of engine ground run	June 1998
Integration of flight control system	October 1998
Integration of Avionics and flight control	December 1998
Completion of EMI/ EMC checks and closed loop structural coupling test	Februay 1999
Flight test preparation	March-April 1999
LCA flight trial	April-July 1999